स्पेशल टास्क फोर्स, उ0प्र0 लखनऊ

प्रेस नोट संख्याः 376, दिनाकः 22—12—2024

कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना पनकी मे पंजीकृत मु0अ0स0 281/2024 धारा 309(6)/317(2)/317(4)/317(5)/61(2) बी0एन0एस में वांछित रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित अपराधी सतीश यादव गिरफ्तार।

दिनाकः 21—12—2024 को एस0टी0एफ उ0प्र0 को कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना पनकी में पंजीकृत मु0अ0स0 281/2024 धारा 309(6)/317(2)/317(4)/317(5)/61(2) बी0एन0एस में वांछित रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित अपराधी सतीश यादव को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—

सतीश यादव पुत्र गिरजाशंकर नि0—1582 राजेन्द्र नगर बख्तौलीपुरवा, थाना हनुमन्तबिहार, कमिश्नरेट कानपुर नगर। उम्र—25 वर्ष।

बरामदगी—

1. 01 अवैध .315 बोर तमंचा।
2. 02 अदद 315 बोर कारतूस जिन्दा।
2. 01 अदद मोबाइल फोन।

गिरफ्तारी का स्थान व समय—केसा चौराहा के पास थानाक्षेत्र पनकी कमिश्नरेट कानपुर नगर समय—19:30 बजे, दिनाकः 21—12—2024

एसटीएफ,उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधो में लिप्त होने की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। इस संबध में एस0टी0एफ की विभिन्न इकाईयो/टीमो को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री राकेश ,अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ फील्ड इकाई आगरा के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

उक्त क्रम में निरीक्षक श्री हुकुम सिंह के नेतृत्व में मु0आरक्षीगण ब्रजराज सिंह, विवेक कुमार सिंह, अंकित गुप्ता व आरक्षी हरपाल सिंह की एक टीम कानपुर नगर में भ्रमणशील थी। इस संबध में मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना पनकी में पंजीकृत मु0अ0स0 281/2024 धारा 309(6)/317(2)/317(4)/317(5)/61(2) बी0एन0एस में वांछित रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित अपराधी सतीश यादव उपरोक्त केसा चौराह के पास मौजूद है। इस सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए स्थानीय पुलिस थाना पनकी कमिश्नरेट कानपुर नगर को अवगत कराते हुए मुखबिर के साथ लेकर बताये गये स्थान पर पहॅुचे जहॉ से उपरोक्त अपराधी को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त सतीश यादव ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 06–08–2024 को मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर इस्पात नगर पनकी में लूट की घटना कारित की थी। इसके अतिरिक्त भी अन्य धटनाएं भी अपने साथियों के साथ मिलकर की थी, जिसमें मेरे साथियो का पहले ही पुलिस ने पकड लिया था। अपनी गिरफ्तारी के डर के कारण अपनी सुरक्षा हेतु अवैध असलहा रखता हूं। काफी दिनो से बाहर कमरा लेकर लुक छिप कर स्थान बदल बदल कर रह रहा था। आज अपने एक साथी से मिलने कानपुर आया था।

अभियुक्त सतीश यादव का ज्ञात आपराधिक इतिहास।

1– मु0अ0स0 1113/2021 धारा 308 भादवि थाना नौबस्ता कानपुर नगर

2– मु0अ0स0 33/2022 धारा 323/342/352/365/504/506 भादवि थाना हनुमन्त बिहार, कानपुर नगर

3– मु0अ0स0 298/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना हनुमन्त बिहार, कानपुर नगर

4– मु0अ0स0 281/2024 धारा 309(6)/317(2)/317(4)/317(5)/61(2) बी0एन0एस थाना पनकी, कानपुर नगर

5– 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पनकी, कानपुर नगर